# म.प्र. स्टेट सिविल सप्लाईज कार्पोरेशन लि.,

## मुख्यालय - भोपाल

क्रमांक/मिलिंग/114163/2022/ 76 भोपाल, दिनांक 22-4-22

प्रति,

1. एन.सी.डी.ई.एक्स. ई-मार्केट लिमिटेड (एन.ई.एम.एल.) भोपाल।
2. स्टार एग्री बाजार टेक्नोलॉजी लिमिटेड भोपाल।
3. एम. जंक्शन भोपाल।

विषय-: धान का निस्तारण ई-नीलामी के माध्यम से दिनांक 28.04.2022 को नियत समय पर किये जाने बावत।

संदर्भ-: 1. एन.ई.एम.एल. सहमति पत्र दिनांक 13.04.2022
2. स्टार एग्री बाजार टेक्नोलॉजी लिमिटेड सहमति पत्र दिनांक 13.04.2022
3. एम. जंक्शन सहमति पत्र दिनांक 13.04.2022

विषयांतर्गत कॉर्पोरेशन के पत्र के अनुक्रम में आपके द्वारा संदर्भित पत्रों के माध्यम से पृथक-पृथक ई-नीलामी कार्य हेतु सहमति प्रदान की गयी है। तदानुसार प्रथम ई-नीलामी दिनांक 28.04.2022 को कांट्रेक्ट नोट में उल्लेखित नियत समय अनुसार ई-नीलामी किया जाना है, समय सारणी निम्नवत है:-

**ई-नीलामी की समय सारणी AUCTION SCHEDULE**

| Commodity | Season | Auction Time | Extension |
|---|---|---|---|
| Paddy | KMS 2020-21 | 12:00 to 12:45 PM | 12:45 to 01:00 PM |

संलग्न - यथोक्त।

(तरूण कुमार पिथोड़े)
प्रबंध संचालक

# निविदा दस्तावेज

SCSC

## खरीफ विपणन वर्ष 2020-21 में उपार्जित धान के विक्रय हेतु

## ऑनलाईन निविदा दस्तावेज

मध्य प्रदेश स्टेट सिविल सप्लाईज कार्पोरेशन लिमिटेड, मुख्यालय
ब्लाक-1,तृतीय तल, पर्यावास भवन, जेल रोड, भोपाल
mpscscmilling@gmail.com

मध्यप्रदेश स्टेट सिविल सप्लाईज कारपोरेशन लिमिटेड

मुख्यालय- पर्यावास भवन, ब्लॉक- ए, तृतीय तल, जेल रोड, भोपाल - 462011

क्रमांक:

दिनांक:

**<u>पोर्टल के माध्यम से ई-निविदा हेतु आमंत्रण</u>**

राज्य शासन की उपार्जन एजेंसियों कार्पोरेशन/विपणन संघ द्वारा मध्यप्रदेश में खरीफ विपणन वर्ष 2020-21 में उपार्जित **1.68** लाख मे.टन धान को e-Auction के माध्यम से.......................................................................... पोर्टल से ऑनलाईन ई-नीलामी प्रक्रिया हेतु ........................................................... द्वारा उपलब्ध कराया गया है जो नीलामी हेतु नियम व शर्तों के अनुसार है । **MPSCSC** धान के इच्छुक निविदाकारों से ई ऑक्शन के माध्यम से बोलियां आमंत्रित करता है। परिशिष्ट-1 में विक्रय हेतु उल्लेखित लॉट में से प्रत्येक लॉट के लिए पृथक-पृथक निविदा प्रस्तुत करना होगी ।

उक्त स्कंध के विक्रय हेतु पात्र इच्छुक निविदाकारों से निम्न विवरण अनुसार निविदाएं आमंत्रित किये जाने हेतु यह निविदा दस्तावेज है:-

| | | |
|---|---|---|
| 1 | Commodity for e-Auction | Paddy 2020-21 |
| 2 | Quantity (MT) | 1.68 LMT |
| 3 | Lot | 98 |
| 4 | Date | XX/04/2022 |
| 5 | e-Auction Schedule | |

| Commodity | Season | Auction Time | Extension |
|---|---|---|---|
| Paddy | KMS 2020-21 | 12:00 to 12:45 PM | 12:45 to 01:00 PM |

**निविदा विशिष्टियां -:**

धान के विक्रय के लिये ऑक्शन हेतु निविदा विशिष्टियां :

| | |
|---|---|
| Maximum Available quantity (in MT) | (1.68 LMT) |
| Trading Unit | 1 MT |
| Price Quote | Rs/Quintal |
| Trading Quantity | As per lot quantity |
| Tick Size | 1 Rs |
| Earnest Money (Refundable) | Escrow account provided by Portal |
| Price quote | Ex- warehouse without GST/Other Taxes |
| Gross/Net weight basis | Price quote is on Net weight basis |
| GST/Other Taxes | Shall be paid by buyer as applicable in addition to the price quote |

1. **परिभाषाएं** - निविदा दस्तावेज में प्रयुक्त शब्दों की परिभाषाएं इस प्रकार है :-

1.1 शब्द **'निविदाकार'** से अभिप्रेत है ऐसा कोई भी व्यक्ति, संस्था, प्रोपराइटर/पार्टनरशिप फर्म, कंपनी अथवा अन्य कोई कानूनी इकाई हो सकता है जो खरीफ विपणन वर्ष 2020-21 में उपार्जित धान को क्रय करने के इच्छुक हो, जो कि शासन अथवा शासन के किसी भी उपक्रम की निविदा प्रक्रिया से ब्लैकलिस्ट नहीं हो।

1.2 शब्द **'कार्पोरेशन/निगम'** एवं मध्य प्रदेश स्टेट सिविल सप्लाईज कार्पोरेशन से अभिप्रेत कंपनी अधिनियम 1956 के अधीन स्थापित मध्य प्रदेश स्टेट सिविल सप्लाईज कार्पोरेशन लिमिटेड है, जिसमे कार्पोरेशन के मध्य प्रदेश में स्थित सभी जिला कार्यालय, क्षेत्रीय कार्यालय एवं मुख्यालय सम्मिलित हैं।

1.3 शब्द **'विपणन संघ'** एवं मध्य प्रदेश राज्य सहकारी विपणन संघ मर्यादित से अभिप्रेत को-ऑपरेटिव सोसायटी एक्ट 1960 के अंतर्गत पंजीकृत संस्था से है जो कि वर्ष 1956 से कार्यरत है । विपणन संघ के मध्य प्रदेश में स्थित सभी जिला कार्यालय, मण्डल कार्यालय एवं मुख्यालय सम्मिलित हैं।

1.4 शब्द **'प्रबंध संचालक'** कार्पोरेशन से अभिप्रेत है म.प्र. स्टेट सिविल सप्लाईज कार्पोरेशन के प्रबंध संचालक।

1.5 शब्द **'प्रबंध संचालक'** विपणन संघ से अभिप्रेत है मध्य प्रदेश राज्य सहकारी विपणन संघ मर्या. के प्रबंध संचालक।

1.6 शब्द **'धान'** से अभिप्रेत है खरीफ विपणन वर्ष 2020-21 में समर्थन मूल्य पर उपार्जित धान ।

1.7 शब्द **'खाद्य पदार्थ/ खाद्यान/ स्कंध'** से अभिप्रेत है खरीफ विपणन वर्ष 2020-21 की विक्रय हेतु उपलब्ध धान।

1.8 शब्द **'संग्रहण केन्द्र'** से अभिप्रेत है गोदाम, कैप स्टोरेज अथवा अन्य स्थान जहाँ कार्पोरेशन/विपणन संघ के द्वारा उपार्जित स्कंध का भंडारण कराया गया है।

1.9 शब्द **'गोदाम'** से अभिप्रेत है कार्पोरेशन से संबंधित भंडारण एजेन्सी यथा मध्य प्रदेश स्टेट वेयरहाउसिंग एण्ड लॉजिस्टिक्स कार्पोरेशन, सेन्ट्रल वेयरहाउसिंग कार्पोरेशन, म.प्र.राज्य सहकारी विपणन संघ के स्वयं/ किराये/ अनुबंधित गोदाम (गोदाम, कैप स्टोरेज आदि) सम्मिलित हैं।

1.10 शब्द **'वर्ष'** से अभिप्रेत वित्तीय वर्ष से है, बशर्ते इस निविदा की किसी कंडिका में वर्ष के सन्दर्भ में किसी अन्य रूप से उल्लेख न क़िया गया हो ।

1.11 शब्द **एक्स गोदाम डिलीवरी** से अभिप्रेत है भंडारण स्थल के स्टेक से बोरे को उठाकर ट्रक में लोड करने तक का हम्माली कार्य एवं तौल सम्बंधित समस्त प्रक्रिया का व्यय क्रेता द्वारा वहन करना ।

1.12 शब्द **'शुद्ध वजन' (Net Weight)** से अभिप्रेत है कि भंडारित स्कंध का जूट के खाली बारदाना का वजन 580 ग्राम प्रति बोरा, जूट के एक भर्ती खाली बारदाने का वजन 500 ग्राम प्रति बोरा अथवा PP/HDPE के खाली बारदाने का वजन 135 ग्राम प्रति बोरा के मान से कम करने पर प्राप्त शुद्ध वजन, जो कि क्रेता को विक्रय के समय गोदाम/भण्डारण स्थल से प्रदाय किया जाएगा।

1.13 शब्द **H-1** से अभिप्रेत है कि ई-ऑक्शन में लॉट विशेष के लिये प्राप्त उच्चतम दर ।

1.14 शब्द **राज्य स्तरीय समिति** से अभिप्रेत है कि खरीफ विपणन वर्ष 2020-21 में उपार्जित धान निस्तारण हेतु शासन द्वारा गठित समिति ।

1.15 शब्द **'सर्विस प्रोवाईडर'** से अभिप्रेत है ई-ऑक्शन सर्विस प्रोवाईडर ।

1.16 शब्द **'सुपर एच 1'** से अभिप्रेत है पेनलबद्ध सभी सेवा प्रदाताओं से ई-ऑक्शन में लॉट विशेष के लिये प्राप्त एच 1 दरों में से प्राप्त उच्चतम दर ।

## 2. <u>निविदा का उद्देश्य एवं कार्य क्षेत्र:-</u>

### 2.1 निविदा का उद्देश्य-

कार्पोरेशन/विपणन संघ द्वारा खरीफ विपणन वर्ष 2020-21 में उपार्जित **1.68** लाख मे.टन धान जो विभिन्न भण्डारण स्थलों पर भण्डारित है, जिसका विक्रय ई-ऑक्शन प्लेटफार्म पर निविदा के माध्यम से **"जैसा है, जहाँ है" (As is where is)** के आधार पर किया जाना है। विक्रय किये गये धान का उठाव नियत समयावधि में पूर्ण राशि प्राप्त होने के उपरांत Ex-godown delivery के आधार पर किया जायेगा।

**2.2.निविदा का कार्य क्षेत्र-**

विक्रय हेतु उपलब्ध धान मध्य प्रदेश के विभिन्न जिलों में गोदाम, कैप स्टोरेज में (परिशिष्ट-1अनुसार) भण्डारित है, का विक्रय ई-ऑक्शन के माध्यम से देश के सभी इच्छुक क्रेताओं से दरें आहूत कर किया जाना है । निविदा में सफल निविदाकारों को दरों के अनुमोदन उपरांत धान की ऑफर मात्रा को नियत समयावधि में उठाव करना होगा।

**3. न्यूनतम अर्हताएं एवं अनिवार्य दस्तावेज विवरण:-**

निविदा में भाग लेने के लिये निविदाकार को समस्त अर्हताएं अनिवार्य रूप से पूर्ण करनी होगी । अनिवार्य अर्हताओं की पूर्ति हेतु निम्न सभी दस्तावेज प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा तथा EMD की राशि भी अनिवार्यत: जमा करना होगी:-

| क्र. | अनिवार्य अर्हताएं | अनिवार्य दस्तावेज |
|---|---|---|
| 1 | अपना परिचय व विवरण उद्घोषित करना होगा | निविदाकार का परिचय एवं संक्षिप्त विवरण हेतु निविदा दस्तावेज के **परिशिष्ट-02** को पूर्णत: भरकर संलग्न करें। |
| 2 | स्वामित्व फर्म संस्था/भागीदारी फर्म//कंपनी प्राईवेट /पब्लिक कंपनी / एच.यू.एफ. की स्थिति | निविदाकार को राज्य/ भारत सरकार/राज्य सरकार के प्राधिकरण के सक्षम अधिकारी द्वारा जारी निगमन प्रमाण पत्र/ पंजीकरण प्रणाम पत्र/ भागीदारी विलेख पत्र की स्वप्रमाणित प्रति के रूप में दस्तावेजी साक्ष्य संलग्न करें। |
| 3 | आयकर विभाग से जारी स्थायी आयकर खाता का प्रमाण पत्र | आयकर स्थायी खाता क्रमांक (PAN कार्ड) की स्व-प्रमाणित हस्ताक्षरित छायाप्रति । निविदाकार द्वारा जिस नाम से निविदा में भाग लिया जा रहा है उसी नाम से पैन कार्ड होना अनिवार्य है। |
| 4 | GST का जीवित पंजीयन धारक हो | केन्द्र शासन के संबंधित विभाग द्वारा जारी राज्य /GST का जीवित पंजीयन की स्व प्रमाणित - हस्ताक्षरित छायाप्रति । GST का केवल Application मान्य नहीं होगा। |
| 5 | निविदाकार भारत सरकार/राज्य शासन या उनके किसी शासकीय/ अर्द्धशासकीय/ सार्वजनिक उपक्रम द्वारा ब्लैकलिस्टेड नहीं हो। | इस बाबत निविदाकार को निविदा दस्तावेज के परिशिष्ट - 04 में नोटराईज्ड अभिवचन देना होगा । |
| 6 | फर्म/ पार्टनरशिपफर्म/ प्राईवेट कंपनी/ पब्लिक कंपनी/ पंजीकृत संस्था के निविदा में भाग लेने पर संबंधित फर्म/ पार्टनरशिप फर्म/ प्राईवेट कंपनी/ पब्लिक क़ंपनी/ पंजीकृत संस्था पार्टनरशिप / अविभाजित हिन्दु परिवार की तरफ से विधिक रूप से अधिकृत बाबत अधिकार पत्र/ मुख्यत्यारनामा | निविदाकार को निविदा दस्तावेज की कंडिका क्रमांक 7 में उल्लेख अनुसार यथा स्थिति दस्तावेज प्रस्तुत करना होगा। |
| 7 | निविदा दस्तावेज पर हस्ताक्षर | निविदाकार द्वारा इस निविदा दस्तावेज के प्रत्येक पृष्ठ पर मय सील अधिकृत व्यक्ति के हस्ताक्षर सहित संलग्न करना अनिवार्य है। |
| 8 | मण्डी लायसेंस | मण्डी लायसेंस की छायाप्रति |
| 9 | बैंक डिटेल | कंपनी के लेटरहेड पर स्व प्रमाणित बैंक डिटेल |
| 10 | अधिकृत हस्ताक्षरकर्ता का परिचय पत्र | अधिकृत हस्ताक्षरकर्ता का परिचय पत्र की छायाप्रति |
| 11 | वार्षिक टर्न ओवर सर्टिफिकेट (वर्ष 2020-21) | सी.ए. द्वारा सत्यापित टर्न ओवर की छायाप्रति |

**3.1 मण्डी लायसेंस की अनिवार्यता -**

निविदाकार को मण्डी लाईसेंस की स्वप्रमाणित छायाप्रति प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा । उक्त मण्डी लायसेंस की स्वप्रमाणित प्रति हिन्दी/अंग्रेजी में नहीं होने पर, हिन्दी/अंग्रेजी में अनुवाद कर एवं जारीकर्ता अधिकारी से प्रमाणित कराकर प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा ।

जिन राज्यों में मंडी लायसेंस जारी किये जाने संबंधी व्यवस्था नहीं है। उन राज्यों के तदविषयक शासन द्वारा जारी आदेश की स्वप्रमाणित प्रति निविदाकारों को उपलब्ध कराना होगी । ऐसे पत्र की स्वप्रमाणित प्रति हिन्दी/अंग्रेजी में नहीं होने पर, हिन्दी/अंग्रेजी में अनुवाद कर एवं जारीकर्ता अधिकारी से प्रमाणित कराकर प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा ।

सफल निविदाकार को उक्त दस्तावेज स्कंध के उठाव के समय जिला प्रबंधक/जिला विपणन अधिकारी के समक्ष अनिवार्य रूप से प्रस्तुत करना होगा । जिला प्रबंधक/जिला विपणन अधिकारी उक्त दस्तावेज प्राप्त होने के उपरांत ही स्कंध का उठाव करायेंगे ।

**4. <u>निविदा प्रक्रिया :-</u>**

निविदा का प्रथम भाग-

निविदा के लिये **<u>e-Auction portal</u>** पर निर्धारित तिथि एवं समय तक अनिवार्य अर्हता संबंधी समस्त दस्तावेज एवं निर्धारित ई.एम.डी. जमा करना होगा ।

निविदा का द्वितीय भाग (e-Auction)-

निविदा के द्वितीय भाग में निविदाकार को लॉटवार प्रति क्विंटल शुद्ध वजन दर **Auction** के माध्यम से ऑफर करना होगा । विक्रय हेतु प्रस्तुत खरीफ विपणन वर्ष 2020-21 में उपार्जित धान का रिज़र्व मूल्य **(Base price)** राशि रूपए **1681/-** (रूपये एक हजार छः सौ इक्यासी मात्र/-) प्रति क्विंटल निर्धारित है । उक्त निर्धारित रिज़र्व मूल्य से कम की बिड भी निविदाकार प्रस्तुत कर सकता हैं ।

**5. स्कंध गुणवत्ता एवं विक्रय हेतु उपलब्ध मात्रा व लॉट का विवरण:-**

5.1 विक्रय हेतु प्रस्तुत स्कंध खरीफ विपणन वर्ष 2020-21 में उपार्जित **1.68** लाख मे.टन धान FAQ धान है।

5.2 विक्रय हेतु उपलब्ध धान स्कंध को लॉट में बांटा गया है। लॉट में किन-किन जिलों के गोदाम/कैप स्टोरेज में भण्डारित धान की कितनी मात्रा को सम्मिलित किया है इसका सम्पूर्ण विवरण **परिशिष्ट-01** में उल्लेखित है।

5.3 निविदाकार एक से अधिक लॉट हेतु बोली प्रस्तुत कर सकते है एवं प्रत्येक लॉट की परिशिष्ट -01 में उल्लेखित पूर्ण मात्रा हेतु निविदाकार को पृथक-पृथक बोली प्रस्तुत करना होगी ।

**6. स्कंध का निरीक्षण:-**

6.1 इस निविदा के माध्यम से विक्रय किये जा रहे धान की लॉटवार सूची परिशिष्ट- 01 में उल्लेखित है। निरीक्षण हेतु इच्छुक निविदाकारों द्वारा संबंधित जिला कार्यालय/कार्यालयों में निरीक्षण हेतु अनुमति बाबत आवेदन प्रस्तुत करने पर सम्बंधित जिला प्रबंधक/प्रबंधको/जिला विपणन अधिकारियों द्वारा निरीक्षण हेतु अनुमति पत्र निर्धारित प्रारूप **(परिशिष्ट-03)** में जारी किया जायेगा । इस अनुमति पत्र के आधार पर निविदा कार स्वयं या अपने अधिकृत प्रतिनिधि, के द्वारा निविदा प्रकाशन से आगामी 03 कार्यालयीन दिवस एवं समय में लॉट का अवलोकन/निरीक्षण कर सकेंगे।

6.2 निविदाकारों द्वारा विक्रय किये जा रहे भंडारित धान के अवलोकन/निरीक्षण संबंधी अनुमति पत्र का विवरण जिला कार्यालय में एक पंजी में संधारित किया जायेगा ।

6.3 भण्डारित स्कंध का विक्रय, लॉट की संपूर्ण मात्रा के आधार पर किया जा रहा है, इसलिए स्कंध के निरीक्षण उपरांत पात्र निविदाकार द्वारा यदि परिशिष्ट-01 में उल्लेखित किसी गोदाम/ लॉट में भण्डारित स्टॉक की मात्रा व गुणवत्ता के संबंध में लिखित या मौखिक आपत्ति जिला कार्यालय अथवा कार्पोरेशन/विपणन संघ मुख्यालय में दर्ज की जाती है, तो भी परिशिष्ट-01 में उल्लेखित लॉट मात्रा ही मान्य की जाएगी। उक्त सूचना/जानकारी/आपत्ति के आधार पर निविदा को निरस्त/स्थगित नहीं किया जाएगा। स्कंध "जहाँ है, जैसा है" के आधार पर ही विक्रय किया जायेगा ।

6.4 यदि किसी निविदाकार द्वारा ई-ऑक्शन प्रस्तुत किये जाने की दिनांक एवं समय तक किसी स्कंध का निरीक्षण नहीं किया जाता है तो यह ई-ऑक्शन की नियत दिनांक व समय में परिवर्तन का आधार नहीं होगा एवं ऐसी स्थिति में ई-ऑक्शन की नियत दिनांक व समय में किसी भी प्रकार का परिवर्तन नहीं किया जाएगा।

## 7. निविदा दस्तावेज पर हस्ताक्षर :-

स्वामित्व/फर्म/कंपनी/अविभाजित हिन्दू परिवार के अधिकृत निविदाकार पदाधिकारी ही निविदा फॉर्म पर हस्ताक्षर करें। वे हैसियत का वैध प्रमाण पत्र प्रस्तुत करेंगे। वैध प्रमाण पत्र के अभाव में ई-ऑक्शन में भाग नहीं लेने दिया जायेगा ।

| क्र. | निविदाकार का स्वरुप | निविदा कौन भर सकेगा |
|---|---|---|
| 1 | एकल स्वामित्व | स्वामी स्वयं अथवा उसका मुख्त्यारनामा धारी अधिकृत व्यक्ति |
| 2 | भागीदारी/पार्टनरशिप फर्म | सभी भागीदार अथवा उनका मुख्त्यारनामा धारी अधिकृत व्यक्ति |
| 3 | प्राइवेट/पब्लिक कम्पनी | निविदाकार को राज्य/ भारत सरकार/ राज्य सरकार के प्राधिकरणके सक्षम अधिकारी द्वारा जारी निगमन प्रमाण पत्र / पंजीकरण प्रमाण पत्र की स्वप्रमाणित प्रति के रूप में दस्तावेजी साक्ष्य संलग्न करें । |
| 4 | अविभाजित हिन्दू परिवार | परिवारकर्ता जिसके नाम पर मुख्त्यारनामा है । |
| 5 | पंजीकृत संस्था/शासकीय/अर्द्धशासकीय उपक्रम | पंजीकृत संस्था/शासकीय/अर्द्धशासकीय उपक्रम के सक्षम अधिकारी अथवा उनके अधिकृत व्यक्ति |

## 8. अमानत राशि (EMD) का निर्धारण एवं रिजर्व प्राईस का विवरण:-

8.1 खरीफ विपणन वर्ष 2020-21 में उपार्जित धान का निर्धारित रिज़र्व प्राइस राशि रु. 1681/-(रू. एक हजार छ: सौ इक्यासी मात्र) प्रति क्विंटल है । उक्त निर्धारित रिजर्व मूल्य से कम की बिड भी निविदाकार प्रस्तुत कर सकता है ।

8.2 परिशिष्ट-1 में विक्रय हेतु उल्लेखित प्रत्येक लॉट के लिये कंडिका-8.1 अनुसार निर्धारित रिजर्व प्राईस के मान से लॉट की कुल राशि की 1 प्रतिशत राशि अथवा 50 मे. टन से कम मात्रा का लॉट होने के दशा में न्यूनतम 10,000 रू.(दस हजार रूपये) के आधार पर उस लॉट की EMD निर्धारित की गई है ।

8.3 निविदाकार को निविदा में भाग लेने हेतु इच्छुक लॉट के लिए परिशिष्ट-1 में उल्लेखित EMD की राशि ई-ऑक्शन पोर्टल पर ऑनलाईन जमा करनी होगी ।

8.4 जिन निविदाकरों द्वारा परिशिष्ट -01 में उल्लेख अनुसार संबंधित लॉट के लिए EMD राशि ऑनलाईन ई-ऑक्शन पोर्टल पर जमा की गई हो व निविदा दस्तावेज में उल्लेखित समस्त अर्हताओं को पूर्ण करते हो तब ही वे ई-ऑक्शन में भाग ले सकेंगे ।

8.5 निविदाकार द्वारा जितने लॉट्स के लिये निविदा प्रस्तुत की जा रही है उतने लॉट्स की EMD पृथक-पृथक जमा करना होगी ।

8.6 क्रेता द्वारा कंडिका 8.2 अनुसार जमा की गयी ई.एम.डी. राशि को सफल निविदाकार द्वारा क्रयं किये जाने वाले स्कंध की कुल मूल्य राशि में समायोजित किया जायेगा । शेष विक्रय राशि विक्रेता को पोर्टल के माध्यम से नियत समय सीमा में भुगतान किया जाना होगा ।

8.7 असफल निविदाकारों की जमा EMD राशि सफल निविदाकारों को निविदा दरों की स्वीकृति पत्र जारी करने के उपरांत पोर्टल के माध्यम से संबंधित असफल निविदाकार के बैंक खाते में वापस कर दी जाएगी अथवा असफल निविदाकार की सहमति से सेवा प्रदाता जमा ई.एम.डी. राशि को आगामी ई-ऑक्शन के ई.एम.डी. के लिये इस्तेमाल कर सकता है । परन्तु EMD की वापसी में यदि किसी प्रकार का विलम्ब होता है तो उक्त विलम्ब अवधि पर कोई भी ब्याज देय नहीं होगा ।

## 9 ई-नीलामी में भाग लेने एवं ऑफर दर प्रस्तुत करने की प्रक्रिया

9.1 ई-नीलामी हेतु प्रस्तावित एक ही स्टॉफ को कार्पोरेशन से पेनलबद्ध सभी सेवा प्रदाताओं द्वारा ई-ऑक्शन पोर्टल पर एक साथ एक ही समय पर ई-नीलामी में रखा जायेगा ।

9.2 निविदाकार को निविदा हेतु निर्धारित दिनांक व समय के अनुसार ही ई-ऑक्शन में बिड प्रस्तुत करनी होगी ।

9.3 धान की ई-नीलामी लॉट के आधार पर होगी, निविदाकार को पूरी लॉट के लिये बोली लगानी होगी ।

9.4 सफल निविदाकार उस पूरे लॉट को उठाने के लिये बाद्ध होगें जिसके लिये उन्होंने बोली लगायी है, बाद में आंशिक रूप से उठाने के किसी भी अनुरोध पर विचार नहीं किया जायेगा ।

9.5 निविदाकार को ई-नीलामी हेतु नियत समय पूरा होने के पूर्व क्रय के लिये लॉटवार मूल्य उत्घोषित करना होगा ।

9.6 ई-नीलामी सत्र नियत समयावधि 45 मिनट की अवधि के लिये खुला रहेगा । नीलामी सत्र के अंतिम अवधि के 3 मिनट में यदि कोई बिड प्राप्त होती है तो ऐसी दशा में नीलामी के समय में 5 मिनट का विस्तार होगा । ऐसे अधिकतम 3 विस्तार होंगे ।

9.7 इच्छुक निविदाकार उल्लेखित नियम एवं शर्तों के अनुसार सेवा प्रदाता (पोर्टल) द्वारा उपलब्ध करायी गई ऑनलाईन सिस्टम पर अपनी ऑफर दरें प्रस्तुत करें ।

9.8 निविदाकारों को प्रस्ताव पर प्रत्येक लॉट के लिये भारतीय रूपये क्विंटल में बोली लगानी होगी ।

9.9 इन्क्रीमेंटल टिक साईज 1.00 (एक रूपये) होगी ।

9.10 ई-नीलामी के दौरान एक निविदाकार अपनी बोली को मौजूदा उच्चतम बोली से अधिक वृद्धिशील मूल्य तक संशोधित कर सकता है । दूसरी बोली के बाद प्रत्येक ई-नीलामी सत्र में प्रदर्शित वर्तमान उच्चतम बोली पर अधिक बोली पर होनी चाहिए ।

9.11 ई-नीलामी सत्र के दौरान बोलियों को रद्द करने की अनुमति नहीं होगी । सेवा प्रदाताओं के पोर्टल पर लगायी बोली की पुष्टि हेतु अंको एवं शब्दों में दोहरी प्रदर्शित किये जाने की व्यवस्था दी गई है । निविदाकार द्वारा उक्त प्रक्रिया पूरी करने के उपरांत ही बिड सबमिट होगी । निविदा सबमिट करने के उपरांत त्रुटिपूर्ण प्रक्रिया के लिये, निविदा लगाने के बाद, गलत उदाहरणों के लिये खरीददार के किसी भी अनुरोध पर विचार नहीं किया जायेगा । निविदा प्रक्रिया के दौरान क्रेता को पोर्टल पर दरों की प्रविष्टि करते समय सावधान रहना चाहिए ।

9.12 निविदाकार के उपयोगकर्ता नाम और पासवर्ड का उपयोग करके रखी गई कोई भी बोली निविदाकार पर बिना शर्त बाध्यकारी मानी जायेगी, जिसने ई-नीलामी के उद्देश्य के लिये अन्य बातों के साथ-साथ अपना स्वंय का

उपयोगकर्ता नाम और पासवर्ड जनरेट करके सेवा प्रदाता पोर्टल के साथ पंजीकृत किया है बोलीदाता ऐसे उपयोगकर्ता नाम और पासवर्ड के तहत् होने वाले सभी गतिविधियों के लिये पूरी तरह से जिम्मेदार होगा । इसलिये उपयोगकर्ता को ई-नीलामी से पहले उपयोगकर्ता नाम एवं पासवर्ड की जांच करने की सलाह दी जाती है और सलाह दी जाती है कि इसे किसी और को न बतायें ताकि इसका दुरूपयोग रोका जा सके ।

9.13 सेवा प्रदाता पोर्टल द्वारा ई-नीलामी हेतु नियत समयावधि के पश्चात् कोई भी निविदा स्वीकार नहीं की जायेगी । यदि इस प्रकार की स्थिति परिलक्षित होती है तो संबंधित सेवा प्रदाता पोर्टल ई-नीलामी कार्य से पृथक कर कार्पोरेशन की ई-नीलामी में भाग लेने हेतु ब्लेकलिस्ट कर दिया जायेगा ।

9.14 ट्रांजेक्शन चार्ज-: सेवा प्रदाता सुपर एच 1 निविदाकार से कुल ट्रेड वेल्यू का ..................................(लागू होने पर जी.एस.टी. अतिरिक्त) का ट्रांजेक्शन चार्ज लेगा ।

## 10 निविदा प्रस्तुति के समय उत्पन्न तकनीकी अवरोध :-

10.1 यदि उक्त पोर्टल पर कोई तकनीकी समस्या आती है अथवा कोई तकनीकी त्रुटि होती है तो भी निविदा प्रस्तुति का निर्धारित समय नहीं बढाया जायेगा । किसी तकनीकी अथवा बैंक के सर्वर इत्यादि समस्या के कारण से ईएमडी ऑनलाईन जमा न कर पाने पर निविदा मान्य नहीं की जाएगी एवं उक्त बिड किसी अन्य माध्यम यथा ई-मेल, डाक अथवा भौतिक रूप से किसी भी दशा में स्वीकार नहीं की जायेगी।

10.2 निविदाकार के स्तर पर होने वाले पावर फेलियर, इन्टरनेट की गति अथवा किसी भी प्रकार की तकनीकी समस्या के लिए कार्पोरेशन की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी ।

## 11. निविदा का मूल्यांकन :-

निविदा का मूल्यांकन किसी लॉट हेतु ई-ऑक्शन पोर्टल पर अधिकतम प्राप्त शुद्ध दर के आधार पर किया जावेगा । निविदाकार को अपनी ऑफर दर राशि रूपये प्रति क्विंटल में उल्लेखित करनी होगी । इसके अतिरिक्त यदि कोई कर केन्द्र सरकार एवं राज्य सरकार द्वारा घोषित कर/ अन्य कोई शुल्क हो, तो वह पृथक से क्रेता को भुगतान करना होगा ।

## 12. निविदा दर की वैधता अवधि :-

समस्त निविदाकारों द्वारा प्रस्तुत दरें वित्तीय निविदा प्रक्रिया की समाप्ति के उपरांत सामान्यतः आगामी 30 कार्य दिवस तक वैध रहेंगी एवं अपरिहार्य स्थिति में वैधता अवधि 30 कार्य दिवस से बढ़ाकर 45 कार्य दिवस तक की जा सकेगी। इस वैधता अवधि में स्वीकृत दरों पर निविदाकार, निविदा प्रावधान अनुसार अनुमोदित लॉट की राशि जमा कर अनुबंध करने एवं धान के उठाव हेतु बाध्य होगा।

## 13. निविदा में उच्चतम दर व सफल निविदाकार का निर्धारण:-

13.1 सेवा प्रदाता द्वारा ई-ऑक्शन में प्राप्त ऑफर दरों का लॉट वार तुलनात्मक पत्रक तैयार किया जाएगा । लॉट वार प्राप्त अधिकतम दर को उस लॉट की **H-1** दर माना जायेगा ।

13.2 लॉटवार प्राप्त **H-1** दरों की स्वीकृति हेतु **परिशिष्ट 05** में दिये गये प्रारूप में प्रस्ताव सेवा प्रदाताओं द्वारा कारपोरेशन की पंजीकृत ई-मेल आईडी पर उसी कार्य दिवस में समय 01:30 **pm** तक अनिवार्य रूप से प्रेषित किया जायेगा ।

13.3 **Super H1 निर्धारण की प्रक्रिया-** कार्पोरेशन के सभी पैनलबद्ध सेवा प्रदाताओं से लॉटवार एच 1 दर प्राप्त होने पर कार्पोरेशन द्वारा सभी पैनलबद्ध सेवा प्रदाताओं से प्राप्त एच 1 दरों की तुलना कर उच्चतम ऑफर दर को ई-नीलामी के लिए लॉटवार सुपर **H-1** ऑफर दर के रूप में निर्धारण किया जाएगा ।

13.4 यदि कार्पोरेशन के सभी पैनलबद्ध सेवा प्रदाताओं से प्राप्त लॉटवार एच 1 दरों में दो या दो से अधिक निविदाकारों द्वारा प्रस्तुत एच 1 दर समान पायी जाती है तो सुपर एच 1 दर के निर्धारण में वरीयता उस निविदाकार को दी जाएगी जिसने समय के संदर्भ में अपनी निविदा पहले प्रस्तुत की है ।

13.5 कार्पोरेशन उचित विचार-विमर्श के बाद सुपर **H-1** मूल्य पर अपने निर्णय के बारे में सेवा प्रदाताओं को सूचित करेगा । हालांकि, कार्पोरेशन अपने विवेक पर सुपर **H-1** बोली को अस्वीकार भी कर सकता है ।

13.6 ई-नीलामी के अंतिम परिणाम सभी निविदाकारों के लिए बाध्यकारी हैं और नीलामी सत्र के समापन और पुष्टि के बाद प्राप्त किसी भी अनुरोध या रद्दीकरण, निविदाकारों को ब्लैकलिस्ट किया जाएगा और कार्पोरेशन द्वारा जारी किसी भी वस्तु की आगे की निविदाओं/ई-नीलामी में भाग लेने से वंचित कर दिया जाएगा ।

**14. विक्रय मूल्य जमा करने की प्रक्रिया एवं निर्देश:-**

14.1 कार्पोरेशन द्वारा सुपर एच 1 दर की स्वीकृति की सूचना पोर्टल के माध्यम से सेवा प्रदाताओं को ई-मेल के द्वारा संसूचित की जावेगी । सेवा प्रदाता पोर्टल का दायित्व है कि वह तत्काल उसी कार्य दिवस अथवा आगामी कार्य दिवस तक क्रेता को स्वीकृति की सूचना अनिवार्यत: देगा ।

14.2 स्वीकृति की सूचना प्राप्ति दिनांक से सेवा प्रदाता यथा संभव उसी दिन या एक बैंक कार्य दिवस के भीतर ईएमडी राशि कार्पोरेशन के बैंक खाते जैसा परिशिष्ट 6 में उल्लेखित है, हस्तांतरित करेगा एवं इसकी सूचना पूर्ण विवरण के साथ कार्पोरेशन की ई-मेल आईडी पर तत्काल प्रेषित करेगा ।

14.3 क्रेता द्वारा कंडिका 14.5 अनुसार निर्धारित बैंक कार्य दिवस में सेवा प्रदाता पोर्टल के माध्यम से शेष विक्रय मूल्य की राशि जमा की जायेगी जिसे सेवा प्रदाता एक बैंक कार्य दिवस में कार्पोरेशन/विपणन संघ के द्वारा उल्लेखित बैंक खाता परिशिष्ट 6 के अनुसार अनिवार्य रूप से जमा करा कर कार्पोरेशन को तत्काल सूचित करेगा ।

14.4 सफल निविदाकार को नीचे दी गयी तालिका में उल्लेखित समयावधि में शेष विक्रय मूल्य की राशि कार्पोरेशन/विपणन संघ के उल्लेखित बैंक खाते परिशिष्ट 6 के अनुसार सेवा प्रदाता पोर्टल के माध्यम से जमा कराया जाना अनिवार्य एवं बंधनकारी होगा।

| **डिलीवरीऑर्डर की मात्रा (मे.टन में)** | **संपूर्ण विक्रय राशि जमा किये जाने हेतु समयावधि** |
|---|---|
| 500 (मे.टन) | 3 बैंक कार्य दिवस |
| 500 (मे.टन) से 1000 (मे.टन) तक | 5 बैंक कार्य दिवस |
| 1000 (मे.टन) से 2000 तक | 7 बैंक कार्य दिवस |
| 2000 (मे.टन) से 5000 तक | 10 बैंक कार्य दिवस |
| 5000 (मे.टन) | 10 बैंक कार्य दिवस |

14.5 लॉट की मात्रा 5000 MT से अधिक होने पर सफल निविदाकार विक्रय मूल्य की राशि अधिकतम दो किश्तों में जमा कर सकेगा। सफल निविदाकार द्वारा जमा की गई राशि अनुसार ही कार्पोरेशन/विपणन संघ द्वारा धान की मात्रा का डिलीवरीऑर्डर जारी किया जायेगा ।

14.6 यदि सफल निविदाकार नियत समयावधि में शेष विक्रय मूल्य की राशि जमा करने में असफल रहता है तो शेष लंबित राशि को अधिकतम दो माह की अवधि तक 15% वार्षिक ब्याज सहित शेष विक्रय मूल्य की राशि जमा कर धान का उठाव कर सकेगा ।

14.7 सफल निविदाकार को विक्रय मूल्य की राशि जमा करने हेतु कंडिका-14.4, 14.5 एवं 14.6 में उल्लेखित अवधि के अलावा कोई अतिरिक्त अवधि प्रदान नहीं की जायेगी । सफल निविदाकार यदि उक्त अवधि में भी विक्रय मूल्य जमा करने में असमर्थ रहते हैं तो उनके द्वारा प्रस्तुत ऑफर दर को अमान्य करते हुए बिना किसी सूचना के उनके द्वारा जमा की गई EMD राशि कारपोरेशन द्वारा राजसात कर ली जायेगी ।

14.8 **निविदा दरों में TDS/TCS के संबंध में प्रावधान-** ई-ऑक्शेन सर्विस प्रोवाइडर द्वारा आयकर की धारा 194O के अंतर्गत 1 प्रतिशत की दर से आयकर टी.डी.एस. का कटौत्रा कर, काटी गई राशि जमा कर कार्पोरेशन/विपणन संघ के पेन नंबर का. उल्लेख करते हुये त्रैमासिक आयकर विवरणी दाखिल की जायेगी एवं दाखिल किये आयकर विवरणी की छायाप्रति कार्पोरेशन/विपणन संघ को उपलब्ध करायी जायेगी ।

**15** ट्रांजेक्शन चार्ज के रूप में सेवा प्रदाता सुपर एच 1 निविदाकार से कंडिका 9.14 में उल्लेखित ट्रांजेक्शन चार्ज से अधिक राशि वसूल नहीं करेगा ।

**16 धान उठाव की प्रक्रिया :-**

16.1 सर्विस प्रोवाईडर द्वारा सफल निविदाकार के संपूर्ण विक्रय राशि जमा किये जाने उपरांत डिलीवरी ऑर्डर जनरेट कर कार्पोरेशन/विपणन संघ की ई-मेल आईडी पर तत्काल प्रेषित करेंगे ।

16.2 कारपोरेशन/विपणन संघ द्वारा प्रत्येक गोदाम/कैप हेतु पृथक-पृथक डिलीवरी आर्डर जारी किया जायेगा ।

16.3 सेवा प्रदाता से विक्रय मूल्य के पूर्ण भुगतान की सूचना प्राप्त होने पर कार्पोरेशन/विपणन संघ द्वारा राशि प्राप्त होने की पुष्टि की जायेगी एवं सेवा प्रदाता द्वारा सिस्टम जेनरेटेड डिलीवरीऑर्डर जारी किया जायेगा ।

16.4 सफल निविदाकार अथवा सफल निविदाकार के प्रतिनिधि कार्पोरेशन/विपणन संघ मुख्यालय, भोपाल से ही डिलीवरीआर्डर प्राप्त करेंगे । डिलीवरीआर्डर सफल निविदाकार को ई मेल अथवा अन्य किसी माध्यम से प्रदाय नहीं किया जायेगा ।

16.5 निविदाकार के प्रतिनिधि के पास निविदाकार द्वारा जारी राशि रूपये 100/- के नॉन ज्यूडिश्यिल स्टाम्प पेपर पर अधिकार पत्र मय प्रतिनिधि के प्रमाणित फोटो एवं निविदाकार के प्रतिनिधि का फोटो युक्त वैध पहचान पत्र होना अनिवार्य है।

16.6 स्कंध की डिलीवरी सम्बंधित गोदाम पर कार्पोरेशन/विपणन संघ के प्रतिनिधि की उपस्थिति में की जायेगी। उक्त डिलीवरी में स्कंध की डिलीवरी कार्पोरेशन/विपणन संघ द्वारा निर्धारित धर्म कांटे अथवा तौल कांटे पर 100% तौल कर की जायेगी। स्कंध की डिलीवरी भण्डारण एजेंसी के घोषित कार्य अवधि में ही की जायेगी।स्कंध की डिलीवरी के पश्चात स्कंध की मात्रा में कोई कमी पाई जाती है, तो इस हेतु कार्पोरेशन/विपणन संघ की कोई जवाबदेही नहीं होगी ।

16.7 स्कंध की डिलीवरी के दौरान होने वाली विभिन्न गतिविधियों जैसे स्टेक को तोड़ना, हम्माली, लोडिंग, तौल, इत्यादि पर होने वाले समस्त व्यय क्रेता को वहन करने होंगे।

16.8 स्कंध डिलीवरी के समय प्रति क्विंटल मान से अधिकतम 2.5 बारदाने ही कारपोरेशन/विपणन संघ द्वारा दिए जायेंगे। अतिरिक्त बारदाने दिये जाने की स्थिति में क्रेता को बारदाने की राशि कार्पोरेशन/विपणन संघ के संबंधित जिला कार्यालय में जमा करनी होगी।

16.9 क्रय मूल्य के अतिरिक्त अन्य देय वैधानिक कर (मण्डी शुल्क को छोड़कर) शुल्क एवं खर्चे अथवा अन्य कारित व्यय, जो भी यदि हों क्रेता को वहन करना होगा ।

16.10 एक बार स्कंध की डिलीवरी हो जाती है, उसके पश्चात कार्पोरेशन/विपणन संघ की कोई जवांबदेही नहीं होगी ।

16.11 कार्पोरेशन/विपणन संघ द्वारा स्कंध की डिलीवरी के बाद इनवाइस जारी किया जायेगा ।

16.12 सफल निविदाकार द्वारा क्रय की गई मात्रा से वास्तविक रूप से उपलब्ध मात्रा में यदि कोई कमी पाई जाती है तो क्रेता को स्कंध की डिलीवरी वास्तविक उपलब्धता के आधार पर की जाएगी । ऐसी स्थिति में स्कंध के मात्रात्मक कमी की पूर्ति, किसी अन्य गोदाम या स्थान से किसी भी स्थिति में नहीं की जाएगी। कम प्रदाय मात्रा की राशि निविदाकार को कारपोरेशन/विपणन संघ द्वारा अंतिम मिलान उपरान्त वापस की जायेगी ।

16.13 सफल निविदाकार द्वारा क्रय की गई स्कन्ध की मात्रा से वास्तविक रूप से उपलब्ध मात्रा, यदि नमी आदि के कारण अधिक पाई जाती है तो क्रेता को उक्त लॉट की नमी आधिक्य सहित पूर्ण मात्रा की डिलीवरी लेना अनिवार्य होगा । इस हेतु अधिक प्रदाय की गई मात्रा की राशि निविदाकार द्वारा कार्पोरेशन/विपणन संघ के सम्बंधित जिला कार्यालय में जमा करना होगी ।

**18 धान स्कंध के उठाव की समयावधि:-**

18.1 सफल निविदाकार को क्रय किये गए धान के विक्रय मूल्य की राशि जमा करने के उपरांत क्रय किये गए धान की पूर्ण मात्रा को कंडिका -18.2 में धान के उठाव हेतु निर्धारित समय सीमा में उठाव की कार्य योजना अनिवार्य रूप से कारपोरेशन/विपणन संघ के मुख्यालय को तत्काल प्रस्तुत करना होगी, ताकि कारपोरेशन/विपणन संघ द्वारा आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित की जा सके।

18.2 धान के उठाव हेतु निम्न तालिकाओं के अनुसार समयावधि निर्धारित की जाती है:-

**गोदाम एवं कैप में भण्डारित धान के उठाव हेतु -**

| डिलीवरीऑर्डर की मात्रा (मे.टन में) | फ्री लिफ्टिंग की समयावधि |
|---|---|
| 500 (मे.टन) | 7 कार्य दिवस |
| 500 (मे.टन) से 2000 (मे.टन) तक | 15 कार्य दिवस |
| 2000 (मे.टन) से 5000 (मे.टन) तक | 20 कार्य दिवस |
| 5000 (मे.टन) | 25 कार्य दिवस |

18.3 धान के उठाव हेतु कंडिका 18.2 में उल्लेखित समयावधि की गणना डिलीवरीऑर्डर के जारी होने की दिनांक से की जायेगी ।

18.4 रेल रेक से स्कंध के उठाव की स्थिति में कंडिका 18.2 में उल्लेखित समय सीमा ही मान्य की जायेगी। क्रेता के द्वारा समय पर रेलवे की रेक नहीं भरी जाती है तो इस हेतु लगने वाली समस्त दंड/पेनल्टी वहन करने की ज़िम्मेदारी क्रेता की होगी ।

18.5 स्कंध के उठाव में यदि क्रेता द्वारा कंडिका क्र.18.2 में उल्लेखित समयावधि पश्चात् किसी भी प्रकार का विलम्ब किया जाता है तो पेनाल्टी के रूप में उक्त लॉट में जितनी मात्रा का उठाव क्रेता द्वारा किया जाना शेष है, उक्त शेष मात्रा हेतु, वर्तमान भडारण शुल्क की दरों पर क्रेता द्वारा कार्पोरेशन/विपणन संघ के जिला कार्यालय के खाते में न्यूनतम 1 माह के गुणांक में भंडारण शुल्क जमा करने पर, उठाव की गति एवं परिस्थितियों आदि का अवलोकन करने के पश्चात उठाव की अवधि में वृद्धि की जा सकेगी किंतु यह वृद्धि अधिकतम 01 माह तक होगी।

18.6 कंडिका- 18.4 अनुसार समय वृद्धि के उपरान्त भी क्रेता द्वारा स्कंध की प्राप्ति नहीं की जाती है तो डिलीवरीआर्डर को रद्द मान्य करते हुए क्रेता द्वारा जमा ईएमडी सहित समस्त शेष राशि जब्त कर ली जायेगी एवं उठाव हेतु शेष मात्रा प्रदाय नहीं की जायेगी।

19 **निविदाकार से अपेक्षित सावधानियां :-**

19.1 निविदा के दौरान निविदाकार द्वारा ऑफर की गई दर को निविदाकार द्वारा निरस्त नहीं किया जा सकेगा।

19.2 निविदा प्रक्रिया के परिणाम समस्त निविदाकारों पर बंधनकारी होंगे। निविदा उपरान्त यदि किसी निविदाकार द्वारा ऑफर दर को निरस्त करने अथवा परिवर्तन करने हेतु आवेदन किया जाता है तो सम्बंधित निविदाकार की अमानत राशि राजसात की जायेगी।

